वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय – 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 1 अप्रैल 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

इस्लामिक कट्टरपंथी छात्र संगठन कोरोना वायरस के खिलाफ चल रही लड़ाई में साम्प्रदायिक ज़हर न घोलें : अभाविप

मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन तथा स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया जैसे इस्लामिक कट्टरपंथी छात्र संगठनों द्वारा कोरोना वायरस के खिलाफ देश की युद्ध स्तर की लड़ाई के बीच भ्रम उत्पन्न करने तथा पांथिक आधार पर परिसरों में छात्रों के बीच खाई पैदा करने के कुत्सित प्रयासों की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कड़ी भर्त्सना करती है।

वर्तमान समय में सभी भारतीयों को पूरी एकजुटता के साथ कोरोना वायरस के खिलाफ चल रही लड़ाई में योगदान देने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा दी जा रही समस्त हिदायतों और सोशल डिस्टेंसिंग नियम का प्रमुखता से पालन करते हुये अपने बचाव करने की आवश्यकता है। खेद का विषय है की कुछ इस्लामिक कट्टरपंथी संगठन इसका अनुपालन नहीं कर रहे हैं। साथ ही वामपंथी छात्र संगठनो एवं कट्टरपंथी इस्लामिक छात्र संगठनो द्वारा इनका समर्थन करना अतनयंत ही चिंता का विषय है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "निजामुद्दीन क्षेत्र में तब्लीग़ी जमात के कारण भारत में जिस प्रकार कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या बढ़ी है, वह पूरे देश को एक बड़े संकट में डालने वाली है। आज यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, कि इस कार्यक्रम में जिन भी लोगों ने सहभागिता की थी, वह स्वयं को अन्य लोगों से पृथक करें। लेकिन जिस प्रकार से कुछ इस्लामिक छात्र संगठन तथा इस्लामिक संगठन पंथ के आधार पर हिंदू-मुस्लिम करके स्थिति को और विकट करने का प्रयास कर रहे हैं, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सभी को हिंदू-मुस्लिम के ऊपर उठकर मानवता की रक्षा के लिए संघर्ष करना चाहि। कुछ इस्लामिक छात्र संगठनों द्वारा शैक्षिक परिसरों में पांथिक आधार पर खाई पैदा करने के कुत्सित प्रयासों को बंद करना होगा।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)